दिन—गुरूवार दिनांक— 26 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधि— 15 मिनट

---

01. प्रदेश के विभिन्न भागों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डूबने की घटना में छियालीस लोगों की मौत। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के निकटतम परिजनों को चार—चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

02. गंगा और सहायक नदियों के जलस्तर में कमी के बाद राज्य के बाढ़ प्रभावित इलाकों में मामूली सुधार।

03. पैरासिटामोल, पैनडी, बीपी और शुगर की दवा समेत पचास से अधिक दवाएं गुणवत्ता जाच में फेल। केन्द्रीय औषधि मानक संगठन—सीडीएससीओ ने किया खुलासा।

04. और, पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में बिहार के युवकों के साथ मारपीट का मामला तुल पकड़ा। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पश्चिम बंगाल सरकार से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की।

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डूबने की घटना में छियालीस लोगों की मौत हो गयी। इसमें सैंतीस बच्चे, सात महिलाएं और दो पुरूष शामिल हैं। अब तक तैंतालीस शव बरामद किये जा चुके हैं। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि जिउतिया पर्व के दौरान ये सभी मृतक विभिन्न नदियों में स्नान करने गए थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतक के निकटतम परिजनों को चार—चार लाख रूपये अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की है।

---

गंगा और इसकी सहायक नदियों के जलस्तर में कमी के कारण राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आंशिक सुधार हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना, बेगूसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार जिलों के विभिन्न भागों में बाढ़ का पानी अब धीरे—धीरे उतरने लगा है। जिससे लोगों को हालात बेहतर होने की उम्मीद जगी है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य जारी है। प्रशासन की ओर से कई स्थानों पर सामुदायिक रसोई की संख्या बढ़ाई गयी है। इसके साथ ही पानी निकलने के बाद महामारी की आशंका को देखते हुए साफ—सफाई और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव का प्रबंध किया जा रहा है। इधर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर और कटिहार जिले में कई

स्थानों पर नदी की तेज धार से कटाव का खतरा भी बढ़ गया है। इन क्षेत्रों में कटाव रोधक कार्य शुरू कर दिए गये हैं।

---

कटिहार जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थति गंभीर बनी हुई है। लगातार बारिश के कारण महानंदा नदी में उफान आ गया है जिससे नए क्षेत्रों में पानी घुस गया है। एक रिपोर्ट..

———रिपोर्ट———

पिछले 48 घंटे से लगातार हो रही बारिश के कारण महानंदा नदी का जलस्तर एक बार फिर से बढ़ने लगा है। आज कई नए इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया। मनिहारी नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक ,अड़सठ और नौं में बाढ़ का पानी प्रवेश कर जाने से बड़ी आबादी प्रभावित हो गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले के चार प्रखंड मनिहारी, अमदाबाद, कुर्सेला और बरारी प्रखंड के 39 पंचायत के करीब 87000 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित है। इधर गंगा, बरंडी, कोसी और कारी कोसी नदी में कमी आई है । लेकिन गंगा नदी अभी भी खतरे के निशान से उपर बह रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

भागलपुर जिले में गंगा के जलस्तर में गिरावट के बाबजूद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति में बदलाव नहीं है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से——

———रिपोर्ट———

गंगा नदी के जलस्तर में कमी के कारण तटीय क्षेत्रों के शहर और मुहल्लो में पानी के दवाब घटा है। टी एम बी यू के प्रशासनिक भवन, कुलपति आवास में भी पानी कम हुआ है। वहीं, पिरपैती, कहलगांव, गौराडीह, सबौर, नाथनगर, साहकुंड और सुल्तानगंज की दर्जनों पंचायत के सैकड़ो गांव अभी भी बाढ़ के पानी से घिरे हैं।इधर पिछले 24 घंटे से रुक रुक कर हो रही बारिश से बाढ़ पीड़ितों में डर बढ़ गया है। जिला प्रशासन कई जगह बाढ़ राहत शिविरों का संचालन कर रहा है। राहत कार्य में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

हमारे मुंगेर संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में गिरावट आने से बाढ़ से प्रभावित लोग राहत महसूस कर रहे हैं। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

गंगा नदी के जलस्तर में गिरावट से निचले इलाकों से पानी निकलने लगा है। हालांकि अधिकतर स्थानों पर बाढ़ की स्थिति विकट बनी हुयी है। जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चला रहा है। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि 50 हजार से अधिक लोगों तक राहत सामग्री पहुंचायी गयी है। चलंत स्वास्थ्य जांच शिविर के जरिए पीड़ित लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं भी पहुंचायी जा रही है। सोझी घाट, बबुआ घाट, कष्टहरनी घाट सहित कई घाटों पर एसडीआरएफ के गोताखोरों को तैनात किया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

---

पटना और बेगूसराय में बाढ़ प्रभावित दियारा क्षेत्रों के स्कूलों में छुट्टियां बढ़ा दी गयी है। बेगूसराय के एक सौ पच्चीस विद्यालयों को अट्‌ठाईस सितंबर तक बंद रखने के आदेश दिए गये हैं। इधर, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने जिले के छिहत्तर स्कूलों में पठन–पाठन अट्‌ठाईस सितंबर तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं, कटिहार जिले के पैंसठ विद्यालयों को अगले आदेश तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

---

इधर, भारी बारिश के कारण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कटिहार दौरा रद्द कर दिया गया है। मुख्यमंत्री को आज जिले में विभिन्न योजनाओं के उद्‌घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होना था।

---

विभिन्न नदियों के जलस्तर में कमी की प्रवृति जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गंगा नदी के जलस्तर में बक्सर, पटना के दीघा घाट और गांधी घाट में बड़ी कमी दर्ज की गयी है। इन स्थानों पर नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे चला गया है। वहीं, पटना के हाथीदह, मुंगेर, भागलपुर और कहलगांव में गंगा नदी का जलस्तर में कमी के बावजूद खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। सोन, पुनपुन और घाघरा नदी के जलस्तर में भी कमी आई है। इधर, नेपाल के तराई वाले क्षेत्रों में बारिश के कारण बागमती, कोसी और महानंदा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की प्रवृति देखी जा रही है।

---

राज्य में मॉनसून की सक्रियता से अररिया, मधुबनी, सुपौल, किशनंगज और पूर्वी चंपारण समेत राज्य के नेपाल से से सटे तराई वाले इलाकों में विभिन्न स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों में आज और कल भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने कहा कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में बारिश की संभावना है।

———बाईट———

इधर, पटना समेत राज्य के दक्षिणी भागों में भी हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी है। पटना और आस–पास के क्षत्रों में सुबह से ही रूक–रूक कर

बारिश हो रही है। हमारे मधुबनी संवाददाता ने बताया है कि जिले के विभिन्न भागों में हो रही बारिश के कारण किसानों के चेहरे खिल गए हैं। कैमूर जिले के विभिन्न भागों में भी सुबह से बारिश का सिलसिला जारी है। समस्तीपुर में दोपहर बाद से बारिश हो रही है, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है।

---

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन–सीडीएससीओ की रिपोर्ट में तिरेपन दवाओं को मानक गुणवत्ता के स्तर पर सही नहीं पाया गया है। इनमें ज्यादातर दवाएं आम इस्तेमाल की हैं। एक रिपोर्ट–––

–––रिपोर्ट–––

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन–सीडीएससीओ ने अपनी रिपोर्ट में पचास से अधिक दवाओं को मानक गुणवत्ता के स्तर से नीचे का घोषित किया है। यानि ये दवाएं क्वॉलिटी चेक में फेल हो गयी हैं। रिपोर्ट के अनुसार इन दवाओं में पैरासिटामोल, पेंटासिड, , उर्सोकोल– थ्री हंड्रेड, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, कैल्शियम और विटामिन डी की गोलियां, पुल्मोसिल इंजेक्शन जैसी आम तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं शामिल हैं। मानक गुणवत्ता पर खरे नहीं उतरने वाले ये उत्पाद कई कंपनियों द्वारा निर्मित किए गए हैं। सीडीएससीओ की परीक्षण रिपोर्ट के बाद इन दवाओं के इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से रजनीकांत चौधरी।

---

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में एसएससी–जीडी की शारीरिक जांच परीक्षा में शामिल होने गए बिहार के दो युवकों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। युवकों के साथ मारीपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इधर, इसे लेकर राजनीतिक प्रतिक्रिया का दौरा शुरू हो गया है। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा है कि पश्चिम बंगाल में अराजकता की स्थिति हो गयी है।

–––बाईट–––

वहीं, लोजपा, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए कहा है कि बिहार के लोगों का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने विपक्षी नेताओं की चुप्पी पर भी सवाल उठाए हैं। इधर, राजद ने कहा है कि ये घटना अत्यंत निंदनीय है। राजद प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा कि मामले के आरोपी पकड़े गए हैं और इसे लेकर ओछी राजनीति नहीं की जानी चाहिए।

---

ऊर्जा मंत्री विजेन्द्र यादव ने कहा है कि स्मार्ट मीटर से ज्यादा बिल आने की बात बेबुनियाद है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से लोगों को काफी सुविधा हो रही है और अभी तक पचास लाख लोग स्मार्ट मीटर लगवा चुके हैं।

---बाईट---

ऊर्जा मंत्री श्री यादव ने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर विपक्षी दल भ्रम की राजनीति कर रहे हैं।

---बाईट---

इधर, राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा कि सरकार स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगों को ठग रही है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर का विरोध जारी रहेगा।

---बाईट---

---

जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार में मंत्री अशोक चौधरी को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव मनोनित किया है। पार्टी नेता अफाक अहमद खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पार्टी के इस निर्णय की जानकारी दी है।

---

नेपाल के रेल मंत्री देवेन्द्र दहाल ने आज जयनगर नेपाली रेलवे स्टेशन और जनकपुर नेपाल जयनगर रेल खंड का औचक निरीक्षण किया। मौके पर नेपाल रेलवे के जीएम निरंजन झा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

---

बक्सर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिद्धनाथ घाट के पास अपराधियों ने एक व्यक्ति से पौने चार लाख रुपए लूट लिए। पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने कहा कि लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है।

---

मधेपुरा के जननायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज में इंटरनर्शिप कर रहे छात्रों के साथ मारपीट के मामले में कॉलेज के इक्कीस छात्रों को पंद्रह दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है।

खगड़िया जिले कर मुफ्फसिल थाना पुलिस ने आपराध की योजना बना रहे तीन अपराधियों को एक पिस्तौल और पांच कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. प्रदेश के विभिन्न भागों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डूबने की घटना में छियालीस लोगों की मौत। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के निकटतम परिजनों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

02. गंगा और सहायक नदियों के जलस्तर में कमी के बाद राज्य के बाढ़ प्रभावित इलाकों में मामूली सुधार।

03. पैरासिटामोल, पैनडी, बीपी और शुगर की दवा समेत पचास से अधिक दवाएं गुणवत्ता जाच में फेल। केन्द्रीय औषधि मानक संगठन–सीडीएससीओ ने किया खुलासा।

04. और, पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में बिहार के युवकों के साथ मारपीट का मामला तुल पकड़ा। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पश्चिम बंगाल सरकार से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।